>

Title: Need to undertake repair work of Sharda Sahayak Canal and release sufficient quantity of water in the canal during sowing period of crops in Sultanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में खेतीबाडी के लिए किसानों को समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के अभाव में किसानों की फसल सूख जाती है ऐसा हर साल होता है कि मेरे क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रों में शारदा सहायक नहर खंड 16 द्वारा रबी एवं खरीफ की फसल की शुरूआत के समय नहरों में पानी नहीं मिल पाता है जब पानी आता है तो ऐसी द्रुतगति एवं तीव्र बहास से आता है कि नहरों में जगह जगह कटावों से गरीब किसानों के खेतों में पानी भर जाता है उससे भी खड़ी फसल खराब हो जाती है। एक समय सीमा में नहरों की सफाई एवं मरम्मत किये जाने का प्रावधान है, परन्तु सफाई आदि कार्यों में कोताही बरती जाती है और काम अपर्याप्त रूप से किया जाता है। इस नहर के समुचित ढंग से मरम्मत कार्य के अभाव में लोगों को नुकसान हो रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में शारदा सहायक नहर खंड 16 की सफाई एवं मरम्मत कार्य नियमित रूप से करवाया जाये और रबी एवं खरीफ फसल बोने के समय इस नहर में पानी की आपूर्ति की जाये।